गुरुवार
11 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बंद घर का ताला तोड़ 1.5 लाख नगद और पांच लाख के आभूषण ले उड़े चोर 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

विधानसभा का रण: 2,615 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद, 13 को आएगा नतीजा

कर्नाटक चुनाव में 66 फीसदी मतदान एक्जिट पोल में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी

- विधानसभा की सभी 224 सीटों के लिए शाम छह बजे तक हुआ मतदान
- वोटिंग के दौरान तीन जगहों पर हिंसक घटनाएं, 23 लोगों की हुई गिरफ्तारी

एजेंसी/बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा की सभी 224 सीटों के लिए हुआ मतदान बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया और पांच बजे तक करीब 65.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अंतिम आंकड़ा आना बाकी है। इसके साथ ही राज्य में उतरे 2,615 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। अब 13 मई को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना। शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार सबसे ज्यादा वोटिंग रामनगरम जिले में हुई। जिले में इस बार 78.22 फीसदी वोटिंग हुई। इसके बाद चिक्कबल्लपुर में 76.64% और बंगलुरु ग्रामीण में 76.10% मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बीबीएमपी साउथ में जिले में हुआ। यहां 48.63 फीसदी वोटिंग ही हुई। इसके बाद बीबीएमपी साउथ में 50.02% और बीबीएमपी सेंट्रल में 50.10% मतदान दर्ज किया गया।

वोटिंग के दौरान तीन जगहों पर हिंसक घटनाएं होनी की खबर है। पुलिस ने बताया कि विजयपुरा जिले के बासवाना बागेवाड़ी तालुक में लोगों ने कुछ ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को तोड़ डाला। उन्होंने पोलिंग अधिकारियों की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। चुनाव आयोग ने कहा विजयपुरा जिले के मसाबिनाला के ग्रामीणों ने ईवीएम ले जा रहे एक चुनाव ड्यूटी वाहन को रोक दिया। ग्रामीणों ने एक अधिकारी के साथ मारपीट की। साथ ही कंट्रोल और बैलेट यूनिट को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने 23 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जी न्यूज और मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस को 103 से 118 सीटें मिलने का अनुमान

राज्य में सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी को मिल सकती हैं 79 से 94 सीटें

बहुमत के जादुई आंकड़े 113 से सभी पार्टियां दूर, जेडीएस बन सकती है किंगमेकर



कर्नाटक में भाजपा की सरकार जा रही है : जदयू

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कर्नाटक चुनाव पर दावा किया है भाजपा हारेंगी। कर्नाटक का चुनाव चल रहा है। भाजपा के नेता बयान दे रहें है कि हम भारी मतों से जीत रहें है। 13 मई को रिजल्ट आयेगा। उस दिन पता चलेगा। बीजेपी के नेताओं के बयान पर कहा है कि ठीक ऐसे ही बिहार विधान सभा 2015 के चुनाव मे बयान देते थे। बीजेपी के नेता अस्ट्रोलाजी की तरह बयान देते थे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी पर भी निशाना साधा।

2018 में 72 फीसदी मतदान

2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कुल 72.10% वोटिंग हुई। इसमें 72.68% पुरुषों, 71.53% महिलाओं और 10% थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने वोट डाला। 224 सीटों वाली विधानसभा में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। 104 सीटें जीतकर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। पार्टी को कुल 36.22 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस के खाते में 80 सीटें आई। हालांकि, उसका मत प्रतिशत भाजपा से ज्यादा 38.04 प्रतिशत रहा। जेडीएस के 37 उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत दर्ज की। उसे कुल 18.36 फीसदी वोट मिले।

एक्जिट पोल में भाजपा पीछे

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभरने का अनुमान लगाया गया है। जी न्यूज और मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस को 103 से 118 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी को 79 से 94 सीटें मिलने का अनुमान है तथा जनता दल (सेक्युलर) को 25 से 33 सीटें मिल सकती हैं। टीवी 9 और पोलस्ट्रेट के एग्जिट पोल में कहा गया है कि कांग्रेस को 99 से 109 सीटें मिल सकती हैं जबकि भाजपा को 88 से 98 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा जेडीएस को 21 से 26 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। एबीपी न्यूज और सी वोटर के एग्जिट पोल में संभावना जताई गई है कि कांग्रेस को 100 से 112 सीटें मिल सकती हैं तथा भाजपा को 83 से 95 और जद (एस) को 21 से 29 सीटें हासिल हो सकती हैं। TV 9 भारतवर्ष Polstrat एग्ज़िट पोल के अनुसार, भाजपा को 88-98 सीटें मिल सकती हैं, जबकि कांग्रेस भी बहुमत से कुछ पीछे 99-109 सीटें ही हासिल कर पाएगी। जेडीएस को इस एग्ज़िट पोल में भी 21-26 सीटें मिल जाने का अनुमान है, जबकि अन्य के खाते में 0-4 सीटें आ सकती हैं।

15 अक्टूबर को आमने-सामने हो सकती है भारत और पाकिस्तान की टीम

नई दिल्ली। इस साल अक्टूबर में होनेवाले वन डे वर्ल्ड कप क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान की टीमें 15 अक्टूबर को आमने-सामने हो सकती हैं। हालांकि वर्ल्ड कप का ऑफिशियल शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। इस वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत को मिली है। टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच खेला जाएगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिक बज की रिपोर्ट के मुताबिक भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 15 अक्टूबर को हो सकता है। हालांकि इसके वेन्यू पर दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच सहमति नहीं बनी है। BCCI और ICC की इच्छा है कि यह मैच अहमदाबाद में हो, लेकिन PCB इसके लिए राजी नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है। इंग्लैंड पिछले वर्ल्ड कप का विनर था और न्यूजीलैंड उप-विजेता।

भारत अपना पहला मुकाबला चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल सकता है। अभी इसकी तारीख नहीं आई है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच 15 अक्टूबर यानी रविवार को हो सकता है। इस दिन पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम का जन्मदिन भी है। खिताबी मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा। बता दें कि वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 12 वेन्यू शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं। बाकी 10 वेन्यू अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, राजकोट, बेंगलुरु, दिल्ली, इंदौर, गुवाहाटी, हैदराबाद और धर्मशाला हैं।

पीएम मोदी ने राजस्थान को दी 5500 करोड़ रुपए की सौगात



एजेंसी/जयपुर

राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान जितना विकास करेगा, उतना ही देश के विकास को गति मिलेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की उपयोगिता बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस साल के बजट में भारत सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करना तय किया है। जब इंफ्रास्ट्रक्चर पर इतना निवेश होता है, तो इसका सीधा असर उस क्षेत्र के विकास पर होता है, उस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर होता है।

कांग्रेस पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ये कैसी सरकार है जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है? ये कैसी सरकार है जहां विधायकों को अपने सीएम पर ही भरोसा नहीं है? सरकार के भीतर सब एक-दूसरे को अपमानित करने की होड़ में हैं। जब कुर्सी पूरे 5 साल संकट में ही पड़ी रही हो तो ऐसे में राजस्थान के विकास की किसे परवाह होगी?" दरअसल कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गहलोत के उन आरोपों का खंडन किया कि 2020 में बगावत करने वाले विधायकों ने बीजेपी से पैसे लिये थे। उन्होंने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि गहलोत का हालिया भाषण यह दशार्ता है कि उनकी नेता सोनिया गांधी नहीं, बल्कि वसुंधरा राजे हैं. वो गहलोत पर वंसुधरा राजे की सरकार के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार पर कार्रवाई ना करने को लेकर भी लगातार हमला कर रहे हैं।

इन परियोजनाओं की रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। राजसमंद और उदयपुर में दो लेन में उन्नयन के लिए सड़क निर्माण परियोजनाओं और उदयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी। राजसमंद में नाथद्वारा से नाथद्वारा शहर तक आमान परिवर्तन परियोजना और एक नई लाइन स्थापित करने के लिए आधारशिला रखी। तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। सुपर स्पेशियलिटी चैरिटेबल ग्लोबल हॉस्पिटल, शिवमणि वृद्धाश्रम के दूसरे चरण और नर्सिंग कॉलेज के विस्तार की आधारशिला रखी।

मुजफ्फरपुर में अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर तरबूज बेच रहे लोगों को रौंदा, तीन की मौत

केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जिले में बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। छपरा की ओर से आ रहा अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर तरबूज बेच रहे लोगों को रौंद दिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए पटना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला जिले के सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट के पास का है। सड़क किनारे कुछ लोगों ने तरबूज की दुकान लगा रखी थी। इसी बीच यह हादसा हुआ।

घटना में मृतकों की पहचान सरैया के मानिकपुर निवासी 16 वर्षीय मो. महफूज, सरैया के 19 वर्षीय आकाश कुमार और अहियापुर दादर स्थित हरपुर लाहौरी निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार के रूप में हुई है। जबकि, घायल में 12 वर्षीय मो. जावेद शामिल है, जिसकी स्थिति को गंभीर देखकर पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं, घटना की सूचना लोगों ने सरैया थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सरैया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।



लोगों ने किया सड़क जाम

घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशितों द्वारा रोड पर आगजनी भी की गई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क किनारे लोग अपने खेतों से तरबूज लाते हैं और सड़क किनारे रख कर बेचते हैं। इसी दौरान यह घटना हो गई।

भाजपा शासन में अपराधी जेल या जमीन के अंदर रहेंगे: सम्राट

केटी न्यूज/भागलपुर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। रोज 15 से 24 हत्याएं राज्य में हो रही हैं। लोगों के बीच भय का माहौल है। गुंडों का शासन हो गया है। राजद से समझौता करने के बाद गुंडों को जेल से बाहर निकाला जा रहा है। बिहार बर्बाद हो रहा है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने का शौक हो गया है। 2013 तक बिहार में काम ठीक से हुआ। उसके बाद से विकास रुक गया है। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को भागलपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इसके बाद वे बांका भी गए।

भागलपुर में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भागलपुर को सिल्क सिटी कहा जाता है। शैयद शाहनवाज हुसैन जब उद्योग मंत्री थे तो बहुत से उद्योगपति बिहार में निवेश के लिए आए। 36 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव आया। 10 हजार करोड़ का निवेश भी हुआ, लेकिन जैसे ही बिहार में सरकार बदली, उद्योगपति खौफजदा होकर लौट रहे हैं।

भाजपा गुंडों से समझौता नहीं करेगी। भाजपा शासन में अपराधी जेल या जमीन के अंदर रहेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि पांच साल पहले केन्द्रीय विवि के लिए 450 करोड़ रुपये मिला, लेकिन अभी तक राज्य सरकार जमीन नहीं दे पायी है। एयरपोर्ट के लिए जमीन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शराबबंदी का समर्थन करती है, लेकिन इसमें घोटाले का विरोध करती है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात, बोले-

हम इतिहास बदलने के लिए केंद्र के प्रयासों का करेंगे विरोध

एजेंसी/रांची

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। कुमार ने बताया कि उनकी बातचीत 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष को एकजुट बनाने पर केंद्रित थी। नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ सोरेन के आवास पर करीब एक घंटे तक चर्चा की। कुमार ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, हमारी बातचीत विपक्षी एकता बनाने पर केंद्रित रही और चर्चा का परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में दिखाई देगा। नीतीश कुमार ने कहा, हम इतिहास बदलने के लिए केंद्र के प्रयासों का विरोध करेंगे। हम हिंदू-मुस्लिम एकता को भी बहाल करेंगे। इस बैठक को 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिए सभी गैर-राजग (एनडीए) दलों को एक साथ लाने के कुमार के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।



पिछले साल भाजपा से नाता तोड़ने वाले बिहार के मुख्यमंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का संकल्प लेते हुए अपने 'विपक्षी एकता अभियान' के तहत कई स्थानों का दौरा किया है और विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात की है।

इससे पहले कुमार ने मंगलवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद नेता नवीन पटनायक से भुवनेश्वर में उनके आवास पर मुलाकात की और उनके साथ एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा की। हाल ही में उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ भी बातचीत की थी। कुमार और यादव ने अप्रैल में राहुल गांधी की मौजूदगी में दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की थी।



दुर्घटनाः घर जाने के दौरान ट्रक की चपेट में आने से पलदार की मौत

❐ मुआवजे की मांग को ले बिहिया चौरस्ता किया जाम

केटी न्यूज/आरा



जिले के बिहिया थाना अंतर्गत नगर पंचायत स्थित हाई स्कूल के समीप बुधवार की अहले सुबह सड़क हादसे में एक पलदार की मौत हो गई। घर के पास सड़क पार कर रहे पलदार को एक बेलगाम ट्रक ने रौंद डाला। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। बिहिया पीएचसी ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बिहिया राजा बाजार वार्ड नंबर 8 स्व. जवाहर प्रसाद का बेटा ददन प्रसाद बताया जा रहा है। जो स्थानीय बाजार में पलदारी करता था। बुधवार की सुबह भाई की दुकान पर तरबूज उतारने के बाद वह शौच करने घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार एक ट्रक उसे रौंदते निकल गया। वहीं, हादसे के बाद लोग सड़क पर उतर गये और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों द्वारा शव के साथ बिहिया चौरस्ता जाम कर दिया गया। गुस्साए लोगों द्वारा मुआवजे और ट्रक चालक को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है थी। उससे कारण आरा-बक्सर व बिहिया-जगदीशपुर रोड सहित अन्य मार्ग पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष उदयभानु सिंह पहुंचे और समझाकर लोगों को शांत कराया।

पलदार के भाई बहादुर तुरहा ने बताया कि दूसरे भाई की फल की दुकान है। मंगलवार को उसने पिकअप से तरबूज मंगाया था। भाई ददन तूरहा रात में पिकअप से तरबूज उतारने के बाद रखवाली करने के लिए छोटे भाई उपेंद्र के साथ वहीं सो गया था। बुधवार की अहले सुबह वह शौच करने के लिए घर जा रहा था। तभी एक बेलगाम ट्रक बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। उसके उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां टाउन थाना की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए निकले युवक की हादसे में मौत

केटी न्यूज/आरा



जिले के उदवंतनगर थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार बीए के एक छात्र की मौत हो गयी। वीडियोग्राफी के लिए कैमरा मैन की तलाश करने निकले छात्र की किसी वाहन ने रौंद डाला। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अहिले गांव निवासी रामधारी सिंह का 22 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार था। वह स्नातक पार्ट वन का छात्र था और प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करता था। साथ ही, कभी-कभी कॉल पर शादी सहित अन्य पार्टियों में वीडियोग्राफी का काम भी करता था।

उसके छोटे भाई गोलू कुमार ने बताया कि वह इमरजेंसी कॉल पर बुधवार की सुबह वह बाइक से वीडियोग्राफी के सिलसिले से ही एक अन्य युवक को लेने उदवंतनगर जा रहा था। इस बीच उदवंतनगर ब्लॉक के समीप किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसके दोस्त और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए पहले उदवंतनगर पीएचसी और उसके बाद आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची।? उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनीता देवी और छोटा भाई गोलू कुमार है। उसके पिता रामधारी सिंह दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते है। मां सुनीता देवी सहित छात्र के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

एक नजर

शैक्षिक समस्याओं को ले चलाया गया अभियान

जहानाबाद। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन के नेतृत्व में शैक्षिक समस्याओं को लेकर संपर्क अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान में एआईडीएसओ के जिला सचिव राजू कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालें जिसके तहत आज शिक्षा निजी हाथों में सौंपा जा रहा है एवं आम छात्रों की पहुंच से बाहर किए जा रहे हैं। एक तरफ स्नातक स्तरीय कोर्स को 3 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दिया गया है तो दूसरी तरफ सत्र अनियमितता के मार से छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गए हैं ऐसे हालात में तमाम छात्रों को उन्होंने एकजुट होकर के सरकार के समक्ष अपनी समस्याओं को रखने की अपील की साथ ही साथ अधिक से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति एवं कॉलेज विश्वविद्यालय में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की ताकि छात्रों की पढ़ाई समय पर हो सके एवं कॉलेज विश्वविद्यालय को सरकारी अनुदान से चलाने की अपील की है ताकि छात्रों पर आर्थिक बोझ का मार ना हो सके। संपर्क अभियान एसएस कॉलेज जहानाबाद में किया गया। आगामी छात्रों की समस्याओं को लेकर के शिक्षा की व्यवस्था ठीक हो सके इसे लेकर शैक्षणिक शिविर जो जलालपुर वैशाली जिला में होने जा रहे हैं उसमें उन्होंने छात्रों को भाग लेने की अपील की। 13 और 14 मई 2023 को राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है।



बालश्रम और बाल विवाह बड़ी समस्या, इससे समाज में जन्म लेती हैं कुरीतियां : डीएसपी

जहानाबाद। बिहार पुलिस, बचपन बचाओ आंदोलन एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सहयोग से नगर भवन में जहानाबाद और नालंदा के पुलिस पदाधिकारियों तथा बच्चों के लिए काम करने वाले अन्य हितधारकों के लिए मानव तस्करी के मुद्दे पर एक दिवसीय ज्ञान वर्धन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएसपी (मुख्यालय) लाल बाबू यादव, श्रम अधीक्षक शशि शेखर, प्रशिक्षक डॉ कविता सुरभि एवं आरपी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीएसपी ने कहा कि यह प्रशिक्षण इसलिए जरूरी है कि क्योंकि मानव तस्करी के साथ बच्चों से जुड़े मुद्दे जैसे- बाल दुव्यार्पार, बाल यौन शोषण, बाल श्रम और बाल विवाह भी एक बड़ी सामाजिक समस्या है और इससे समाज में बहुत सी कुरीतियों का जन्म होता है। उन्होंने बच्चों से सरंक्षण से संबंधित सभी तरह के कानूनों की जानकारी लेने की मौजूद पुलिस अधिकारियों से अपील कि ताकि समाज को ज्यादा से ज्यादा जागरूक बनाया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट), लैंगिक अपराधों से संबंधित पॉस्को एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही जेजे एक्ट के अधिनियमों के अनुपालन के तहत बरती जाने वाली सावधानी से भी अवगत कराया गया। इस पूरे प्रशिक्षण के दौरान मानव तस्करी के मुद्दे पर थाना स्तर पर पुलिस अधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्राप्त समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा किया गया। मौके पर नालंदा, जेहनाबाद जिले के श्रम विभाग के एलईओ, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, अमित प्रकाश, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री सिटिंग की प्रगति पर जिला जज ने जताई नाराजगी

जहानाबाद। 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने प्राधिकार सचिव से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्री सिटिंग निष्पादन कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अब तक 78 मामलों के प्री सिटिंग होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले लोक अदालत के तुलनात्मक गति धीमी है। इस पर ज्यादा जोर देकर लक्षित लक्ष्य को हासिल करने हेतु सार्थक पहल करें। सभी न्यायिक पदाधिकारी गण प्री सिटिंग के निष्पादन कार्य पर अधिक ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विधिक संघ के विद्वान अधिवक्ता से समन्वय बनाकर सहयोग प्राप्त कर इसे सफल बनाया जाए। समय बहुत कम है। जिला जज ने परिवार न्यायालय में लंबित एक मामलों को खुद प्री सिटिंग कर परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक मामला वाद संख्या 117/ 22 के पक्षकार सतीश कुमार बनाम सुशीला कुमारी के मामले को सुलह के आधार पर निष्पादित कराएं। वहीं, पक्षकार गण से कहा कि अनावश्यक आपसी तनाव विवाद को दूर कर पारिवारिक जीवन का निर्माण कर सुखद जीवन का अनुभूति प्राप्त करें। परिवारिक कलह जीवन के विकास को अवरुद्ध करता है। प्राधिकार सचिव अजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि न्यायिक पदाधिकारी एवं पारा विधिक स्वयंसेवक गण के सहयोग से अब तक 78 मामलों का निपटारा कराया जा चुका है। बुधवार को मखदुमपुर पंचायत के प्रखंड के सहाय बीघा गांव के एक निर्धन दलित और असहाय परिवार को राकेश कुमार पारा विधिक स्वयंसेवक के द्वारा सहयोग कर मगेश्वर दास एवं राम विनय दास वगैरह के बीच वर्ष 2013 से चल रहे आपसी विवाद को निपटारा बुलाकर प्री सिटिंग के माध्यम से कराया गया दोनों पक्ष न्यायालय में आने आर्थिक अभाव के कारण तक लाचार थे। प्राधिकार सचिव ने आगे बताया कि पारा विधिक स्वयंसेवक निरंतर पक्षकार गन से समन्वय बना रहे हैं। साथ ही, समझा-बुझाकर न्यायालय में उन्हें ला रहे हैं। कुल 9 मामलों का निष्पादन कराया गया।



जहानाबाद में लगातार बढ़ रहा अपराधी एवं उपद्रवियों का मनोबल : महासचिव

जहानाबाद। पत्रकार के घर पर हुए हमले की जन मुक्ति आंदोलन ने किया निंदा की है। कहा कि मंगलवार की शाम जहानाबाद शहर के जाने-माने पत्रकार रंजीत राजन के नया टोला स्थित उनके घर पर उपद्रवी तत्वों द्वारा किए गए हमले की जन मुक्ति आंदोलन घोर निंदा करती है। जन मुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह ने कहा कि आए दिन शहर में अपराधी एवं उपद्रवियों का मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है। जिससे आम आदमी के मन में भी दहशत का माहौल हो रहा है। इस पर प्रशासन को कड़ी शक्ति से काबू करने की आवश्यकता है। देर शाम एक स्वतंत्र पत्रकार पर उपद्रवियों द्वारा हमला गंभीर चिंता का विषय है जनमुक्ति आंदोलन के महासचिव ने कहा की ऐसे शरारती तत्वों से निपटने के लिए प्रशासन को शक्ति करने की जरूरत है। पूर्व में भी रंजीत राजन पत्रकार पर हमला होते रहे हैं, जिसके मद्देनजर पूर्व के पुलिस कप्तान ने इन्हें सुरक्षा गार्ड का भी व्यवस्था की थी, लेकिन फिलहाल उनको हटा लेने के कारण अपराधियों का मनोबल और बढा हुआ है। जन मुक्ति आंदोलन जिले के तमाम जन संगठनों एवं बुद्धिजीवियों से आग्रह करती है कि इस तरह की घटनाओं का प्रतिकार जरूरी है। जिले के पुलिस कप्तान से मांग है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों से कड़ाई से निपटाया जाए।

रहे सतर्क : कालाजार प्रभावित इलाकों में बुखार लगने पर तत्काल जांच कराएं मरीज

सदर प्रखंड के साहोपुर में मिला कालाजार का एक मरीज, सदर अस्पताल में इलाज शुरू

केटी न्यूज/बक्सर

■ बोले डीवीबीडीसीओ... बुखार को हल्के में न लें लोग

■ समय से इलाज शुरू होने से बचाई जा सकती है प्रभावित मरीज की जान



जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है। ताकि, कालाजार को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके बावजूद कालाजार के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला सदर प्रखंड के चुरामनपुर पंचायत के साहोपुर गांव का है। जहां कालाजार का एक नया मरीज मिला है। हालांकि, इस गांव में पूर्व में भी कालाजार के मरीजों मिल चुके हैं। इसलिए लक्षणों की पहचान कर मरीज को जल्द से जल्द सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद मरीज का विधिवत इलाज शुरू किया जा सका। चार साल बाद कालाजार के मरीज की फिर से पुष्टि होने के बाद विभाग सतर्क हो गाया है। अब सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारियों का एक दल गांव में सर्वे का बुखार के लक्षण वाले लोगों को चिह्नित किया जायेगा। जिसके बाद उनकी जांच की जाएगी।

फिलहाल लोगों को कालाजार को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि कालाजार में मरीज को बार-बार बुखार आने लगता है। साथ ही, भूख में कमी, वजन का घटना, थकान महसूस होना, पेट का बढ़ जाना आदि इसके लक्षण के रूप में दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत नजदीक के अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए।

लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत : जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कालाजार से प्रभावित गांव में लोग बुखार को हल्के में न लें। जिन गांव में कालाजार के मरीज मिलते हैं वहां एसपी पाउडर का छिड़काव कराया जाता है। ताकि, लोगों को कालाजार की चपेट में आने से बचाया जा सके। उन्होंने बताया, कालाजार के लक्षणों की पहचान होना बहुत जरूरी है। यह परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलता है। इससे ग्रस्त मरीज खासकर गोरे व्यक्तियों के हाथ, पैर, पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है। रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लीवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। ऐसे में जब किसी में लगातार बुखार के लक्षण दिखाई दें, तो वो तत्काल जाकर उसकी जांच कराएं।

बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है : डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, मिट्टी और बिना प्लास्टर के घरों में स्थित दरारों में बालू मक्खी के छिपने की संभावना अधिक रहती है। अमूमन बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है। जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर हो। ऐसे स्थान उनको पनपने में लिए बेहतर माहौल देते हैं।

मरीज को दी जाती है क्षतिपूर्ति राशि

वीबीडीसी राजीव कुमार ने बताया कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। यह राशि नए मरीजों को दी जाती है। साथ ही, प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने व नजदीक के पीएचसी तक लाने एवं उनका ठीक होने तक ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है।

शराब चुलाई मामले में आरोपी को पांच साल का सश्रम कारावास

जहानाबाद। विशेष उत्पाद न्यायालय प्रथम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुष्पम कुमार झा की अदालत ने शराब धंधेबाज को बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत दोषी करार करते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं जुमार्ना न देने पर आरोपी को नौ महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। उक्त मामले की दोषी करार अभियुक्त ग्राम भदसारा पाली थाना क्षेत्र निवासी रेखा देवी बतलाई जाती है। इस संबंध में विशेष उत्पाद न्यायालय प्रथम के विशेष अपर लोक अभियोजक उत्पाद, रामचंद्र ठाकुर ने बताया कि तत्कालीन पाली थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक रणधीर कुमार विराजी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की भदसारा गांव में रेखा देवी के द्वारा अवैध देशी शराब का निर्माण घर पर किया जाता है। गुप्त सूचना के आधार पर पाली थानाध्यक्ष अन्य पुलिस बल के साथ 30 जनवरी 2022 की दोपहर मौके पर पहुंचे तो पुलिस को देखकर आरोपी भागने में सफल रही। छापेमारी के दौरान रेखा देवी के घर से पुआल में छुपाकर दो-दो लीटर के प्लास्टिक के बोतल में 25 लीटर चुलाई देशी शराब सहित शराब बनाने का उपक्रम बरामद हुआ। जिसे थानाध्यक्ष ने जब्त किया था और आरोपी रेखा देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। लिहाजा मामला न्यायालय में पहुंचा।

हादसे में जख्मी युवक की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

केटी न्यूज/आरा

♦ मृतक पेशे से था किसान, मचा कोहराम

वाहन की ठोकर से साइकिल सवार अधेड़ जख्मी

आरा। बड़हरा थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव के पास बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार एक अधेड़ को ठोकर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी अधेड़ कोईलवर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी स्व. वंशीधर पांडेय के 55 वर्षीय पुत्र राम विजय पांडेय हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की दोपहर वह साइकिल से एक काम को लेकर अपने गांव से मटुकपुर गांव जा रहे थे। तभी मटुकपुर गांव के समीप पीछे से आ रहे वाहन ने उनकी साइकिल में ठोकर मार दी। उससे वह साइकिल सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जिले के पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के पास बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सड़क हादसे में जख्मी एक युवा किसान की भी मौत हो गयी। बुधवार की सुबह पटना एम्स में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत युवक पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी रिटायर आर्मी मैन रामचंद्र सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार थे। पूर्व विधायक भाई दिनेश की पहल पर पटना में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद शव पैतृक गांव लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया।

हादसे में बरांव गांव निवासी मुखिया श्रीराम सिंह के भतीजे सह कोचिंग संचालक चंदन सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी। बताते चलें कि सोमवार दोपहर मुखिया का भतीजा चंदन सिंह अपने गांव के ही कुछ दोस्तों के साथ आरा स्थित अपने कोचिंग से कार पर सवार होकर गांव लौट रहा था। तभी लमारी टोला के पास टायर फट जाने के कारण उनकी कार एक पोल से टकरा गयी थी। उसमें चंदन सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी। जबकि कार में सवार मनोज कुमार, दीपू सिंह और गोल्डन सिंह गंभीर रूप जख्मी हो गए थे। उनमें मनोज कुमार और दीपू सिंह का इलाज पटना एम्स जबकि गोल्डन सिंह का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा था। बुधवार की सुबह मनोज कुमार की मौत हो गयी। दीपू और गोल्डन सिंह का इलाज चल रहा है। इधर, महज दो दिनों में गांव के दो युवकों की मौत हो बरांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया है। वहीं मौत की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक भाई दिनेश अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया। वहीं डीएम से चंदन कुमार और मनोज कुमार के पीड़ित परिवार को सरकार के संकल्प के अनुसार पांच पांच लाख का मुआवजे की मांग की।

बाइक की टक्कर में बारात जा रहे दूल्हे के भाई सहित तीन जख्मी

केटी न्यूज/आरा

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार के समीप दो बाइक में टक्कर हो गयी। उसमें बारात जा रहे बाइक सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

घायलों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के इंग्लिश टोला गांव निवासी भगवान सिंह का 25 वर्षीय पुत्र किंदल सिंह, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पीलापुर गांव निवासी हीरालाल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार और आयर थाना क्षेत्र के आयर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह का 17 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार शामिल हैं।परिजन भीम कुमार यादव ने बताया कि संदीप कुमार अपने दोस्त किंदल सिंह और रमेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर अपने बड़े भाई दीपक कुमार का बारात रोहतास जिला के रामनगर गांव जा रहा था। फतेहपुर बाजार के समीप एक ट्रक से बचने के चक्कर में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। उससे तीनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज हुआ।

हाथीपांव के मरीजों ने जानी एमएमडीपी किट के इस्तेमाल की विधि

❐ चांकद पीएचसी पर हाथीपांव मरीजों को दिया गया एमएमडीपी किट

केटी न्यूज/गया



सदर प्रखंड में हाथीपांव से प्रभावित मरीजों को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की कवायद स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। इस क्रम में चांकद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर फाइलेरिया के गंभीर मरीजों के बीच एमएमडीपी यानि मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन किट का वितरण किया गया। इस दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सात फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट दिया गया। डॉ एमई हक ने फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट के इस्तेमाल करने की विधि बतायी।

डॉ. एमई हक ने बताया कि एमएमडीपी किट में टब, जग, तौलिया, कॉटन और आवश्यक मलहम तथा दवा मौजूद होते हैं, जिसे हाथीपांव से प्रभावित अंगों को धोकर लगाया जाता है। संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है। साथ ही, नियमित व्यायाम कर मरीज अपने पैरों के सूजन को कम कर सकते हैं। इसके अलावा मरीज सोने समय नियमित रूप से मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और अपने पैरों के नीचे तकिया या मसनद का भी प्रयोग करें। जिससे सोते समय उनके पैर ऊपर रहे।

प्रभावित अंग को जख्म या चोट से बचाना है : डॉ. एमई हक ने बताया कि इस एमएमडीपी किट का इस्तेमाल हाथीपांव के मरीज अपने प्रभावित पैर की बेहतर देखभाल के लिए कर सकेंगे। कहा कि फाइलेरिया मरीजों को नियमित रूप से पांवों की साफ-सफाई रखने की रखनी है और हाथीपांव प्रभावित अंग को जख्म या चोट से बचाना है। चोट या जख्म होने पर यदि सही प्रकार से इसकी देखरेख नहीं की गयी तो यह खतरनाक रूप ले लेता है। जख्म होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में चिकित्सक को दिखाएं। फाइलेरिया रोगियों को चिह्नित करने और उनके बीच एमएमडीपी किट वितरित करने के कार्य में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च की भी मदद मिल रही। हालांकि, अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है।

प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक : फाइलेरिया ग्रसित अंगों मुख्यतः पैर या फिर प्रभावित अंगों से पानी रिसता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसकी नियमित साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता और सूजन में भी कमी आती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने से अंग खराब होने लगते हैं। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी जा रही है। फाइलेरिया के लक्षण मिलने पर तत्काल जांच कराएं।

खबरें फटाफट

आरा मोहनिया हाइवे पर हादसे में बक्सर का युवक जख्मी

बक्सर। आरा-मोहनिया हाईवे पर धनगाई गांव के समीप बुधवार की दोपहर सड़क हादसा में बक्सर निवासी एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक बक्सर के नावानगर थाना क्षेत्र के पीलापुर गांव निवासी ब्रह्मेश्वर सिंह 44 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उसके परिजनों ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह मौसेरे भाई आलोक के तिलक में बाइक पर सवार होकर आयर थाना क्षेत्र के असुधन मठिया गांव गया था। बुधवार की दोपहर वह वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान धनगाई गांव के समीप उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

शराब की होम डिलेवरी कर रहे दो कारोबारी समेत तीन गिरफ्तार

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों में स्वामीनाथ सिंह व धीरज कुमार शामिल है। दोनों पुराना भोजपुर के ही रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार दोनों झोले में शराब रख उसकी होम डिलीवरी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर दोनों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। वही शराब के नशे में पुराना भोजपुर में उत्पात मचा रहे सहजाद खां नामक एक शराबी को भी पुलिस ने नशे की हालत में पकड़ा।

महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नावानगर। मणियां से 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्कर गांव के राजकुमार है। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मणियां में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। इसी सूचना पर कार्रवाई की गई।

नहीं थम रही हर्ष फायरिंग की घटनाएं, अब तिलक समारोह में 75 वर्षीय वृद्ध को लगी गोली

- सिमरी थाना क्षेत्र के छोटका लहना गांव में मध्य रात्रि की है घटना
- पांच दिन पहले ब्रह्मपुर के निमेज में हर्ष फायरिंग में घायल हुआ था युवक

केटी न्यूज/सिमरी



अनुमंडल क्षेत्र में हर्ष फायरिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच दिन पहले ही ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान युवा भोजपुरी गायक विवेक तिवारी गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। अभी पुलिस इस मामले के आरोपी को पकड़ भी नहीं पाई है कि बीती राम सिमरी थाना क्षेत्र के छोटका लहना गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान एक 75 वर्षीय वृद्ध को गोली लग गई। गोली उसके पैर के निचले हिस्से में लगी है। गंभीर अवस्था में बक्सर के विश्वामित्र अस्पताल में उसका इलाज कराया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्तकाल हरकत में आ मामले की जांच में जुट गई है। बुधवार को डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी भी छोटका लहना पहुंच मामले की पड़ताल किए। जख्मी वृद्ध की पहचान भोजपुर जिले के सिन्हा घाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के 75 वर्षीय रामरूप सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार वे अपने चचेरे भाई के नतिनी के तिलक समारोह में शामिल होने छोटका लहना के अलख नाथ सिंह के दरवाजे पर आए थे। रात 11.30 बजे तिलक चढ़ाने के बाद सभी लोग उनके आंगन से निकल रहे थे इसी दौरान एक गोली रामरूप सिंह के पैर में आ लगी। वे वही खून से लथपथ हो गिर पड़े। गोली लगते ही अफरा तफरी मच गई थी। आनन फानन में मांगलिक गीत बंद हो गया। लोग उन्हें इलाज के लिए लेकर बक्सर चले गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सिमरी पुलिस रात में ही पहुंच जांच में जुट गई। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि गोली चलाने वाले का पता नहीं चल सका है।

लगातार हो रही हर्ष फायरिंग की घटना से उठ रहे सवाल

बता दें कि शुक्रवार की राम निमेज गांव के नागेन्द्रनाथ ओझा के यहा भी भोजपुर जिला के बिहिया थाना के सुंदरपुर बरजा गांव से आए तिलक समारोह में शामिल होने युवा भोजपुरी गायक विवेक तिवारी भी आए थे। हर्ष फायरिंग के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। परिजनों द्वारा आनन फानन में उन्हें आरा के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। वही मंगलवार की रात सिमरी थाना क्षेत्र के छोटका लहना गांव में उस घटना की पुनरावृति हो गई। लगातार हो रही हर्ष फायरिंग की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है। आखिर हर्ष फायरिंग पर रोक के बावजूद पुलिस की उदासीनता से शादी विवाह जैसे अवसरों पर हथियारों का प्रदर्शन और फायरिंग बदस्तूर जारी है।

डुमरांव डीएसपी सख्त, चौकीदार को सुनाई खरी खोटी



छोटका लहना गांव में हुई हर्ष फायरिंग की घटना के बाद डुमरांव डीएसपी अफाक अंसारी काफी सख्त हो गए हैं। घटना का जायजा लेने के दौरान उन्होंने स्थानीय चौकीदार को फटकार भी लगाई। वहीं उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को शादी विवाह के मौके पर होने वाले हर्ष फायरिंग को रोकने का निर्देश दिया है। डीएसपी ने कहा है कि जहां हर्ष फायरिंग की घटना हो रही है उस शादी समारोह की वीडियोग्राफी का कैसेट भी पुलिस गृहस्वामी से मांगे। ताकि दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।

डुमरांव में भीषण चोरी: बुजुर्ग का इलाज कराने पटना गए थे सभी लोग

बंद घर का ताला तोड़ 1.5 लाख नगद और पांच लाख के आभूषण ले उड़े चोर

- पुरानी मस्जिद चौक रोड निवासी मनीष कुमार बजाज के घर में हुई चोरी
- पीड़ित ने अज्ञात चोरों पर दर्ज कराया एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/डुमरांव





डुमरांव में चोरों ने एक बंद घर से 1.5 लाख नगद तथा पांच लाख रूपए से अधिक के सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिए हैं। घटना बीती रात की है। इसकी जानकारी मिलते ही गृह स्वामी के होश उड़ गए। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दे अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार पुरानी मस्जिद चौक रोड निवासी मनीष कुमार बजाज के पिता चंद्रप्रकाश बजाज का तबीयत 7 मई से ही खराब था। उन्हें लेकर घरवाले इलाज के लिए पटना के मेदांता अस्पताल में गए थे। इसी दौरान बीती रात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ घर में रखें डेढ़ लाख नगद तथा पांच लाख रुपए मूल्य से अधिक के सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिये। सुबह में मनीष के दूसरे मकान में रहने वाले किराएदार ने मुख्य दरवाजे का ताला और कुंडी टूटा देखा तो उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दी। तब मनीष बीमार पिता को छोड़ पटना से दौड़े भागे डुमरांव पहुंचे तथा घर का निरीक्षण किया तो चोरों ने एक कमरे में रखे अलमीरा को तोड़ उसमें से डेढ़ लाख नगद तथा लाखों रुपए मूल्य के सोने और चांदी के गहने चुरा ले लिए थे। मनीष ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उस कमरे का पूरा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।

पीड़ित आभूषण व्यवसायी है

पीड़ित मनीष बजाज आभूषण व्यवसायी है। हालांकि उसका घर व दुकान अलग-अलग है। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि घर पर भी वह आभूषण रखा होगा। सूत्रों की मानें तो चोरों ने उसके घर बड़ा हाथ साफ किया है। हालांकि चोरों ने जिस तरीके से इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है उससे इस मामलें पीड़ित व्यवसायी के किसी करीबी के संलिप्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। बता दें कि चोरों ने सिर्फ उसी कमरे को निशाना बनाया है जिसमें नगदी तथा आभूषण रखे गए थे। इसके अलावे चोरों को यह भी पता था कि गृह स्वामी घर पर नहीं है।

मामले के उद्भेदन में जुटी पुलिस

व्यवसायी के घर हुए चोरी की इस वारदात को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने आस पास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला। वहीं पुलिस मुखबिरों की मदद भी ले रही है। थानाध्यक्ष बिदेश्वर राम ने कहा कि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जल्दी ही इसका उद्भेदन कर लिया जाएगा।

चोरी की वारदात से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

शहर के बीच हुई चोरी की इस वारदात के बाद स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस सिर्फ कागजों पर ही गश्त कर रही है। बता दें कि नगर परिषद चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। ऐसे में पुलिस चौकस रहने का दावा कर रही है। दिन के साथ ही रात में भी चौकसी बढ़ाने का निर्देश वरीय अधिकारियों द्वारा बार बार दिया जा रहा है। बावजूद चोरों ने शहर के बीच चोरी की घटना को अंजाम दे पुलिस को चुनौती पेश की है। शहर में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है।

एक नजर

राजपुर के देवढ़िया गांव में शव दफनाने को लेकर दो समुदायों में विवाद के बाद तनाव



राजपुर। बुधवार की शाम राजपुर के देवढ़िया गांव में शव दफनाने को लेकर दो समुदायों में विवाद के बाद तनाव उत्पन्न हो गया। जिसके बाद अल्पसंख्यक समाज के लोगों द्वारा इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर अंचलाधिकारी सोहन राम राजपुर थाना प्रभारी युसूफ अंसारी, बक्सर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी गोरख राम सहित जिले के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवढ़िया गांव निवासी सिद्धनाथ राम की मौत हो गई थी। जिसके बाद हरिजन समुदाय के लोग शव दफनाने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे। इस पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों द्वारा आपत्ति जताई गई। दोनों पक्षों का कहना था कि कब्रिस्तान हमारे हिस्से का है हालांकि जिला प्रशासन की पहल पर मामले को शांत कराया गया। दोनों पक्षों को यह कहा गया कि जल्द ही कब्रिस्तान का सीमांकन कर दोनों पक्षों के विवाद निपटा दिया जाएगा।

सात साल बाद जमानत पर जेल से बाहर आया कुख्यात गुड्डू राय, पुलिस रखेगी पैनी नजर

बक्सर। हत्या, अपहरण व रंगदारी जैसे मामलों के आरोपी कुख्यात गुड्डू राय को जमानत मिल गई है। जमानत मिलने के बाद वह बेउर जेल से बाहर निकल गया है। मंगलवार की रात नौ बजे न्यायालय से मिली जमानत के बाद उसे बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया। हालांकि उसके विरुद्ध अपने जिले में भी कई मामले दर्ज हैं। वह उत्तर प्रदेश की जेल में बंद से कुछ दिन पूर्व ही पटना बेऊर जेल लाया गया था। गोलू अपहरण कांड से मशहूर हुए गुड्डू राय राजपुर थाना क्षेत्र के डेहरी गांव का रहने वाला है। वर्ष 2012 में इनके ही गांव के रहने वाले शिवसेना के प्रखर नेता अग्नि देव राय की हत्या हो गई थी। इस मामले में उसके परिवार के कई कुछ सदस्यों को सजा हुई। लेकिन गुड्डू राय तब फरार था। इस वजह से उसकी फाइल अलग कर दी गई थी। इसी बीच वाराणसी (यूपी) एसटीएफ की टीम ने उसे 2016 में कोलकाता से गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वह यूपी के जेल में बंद था। इधर हाल के दिनों में वह यूपी से जमानत मिलने के बाद बिहार आ गया था। सूत्रों की मानें तो उसे दस दिन पहले ही जमानत मिल गई थी। कुछ कानूनी शर्तों के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। लेकिन, मंगलवार को सभी शर्तें पूरी कर वह बाहर आ गया है। हालांकि धनंजय उर्फ गुड्डू राय की कहानी लंबी है। अपने ही गांव के रहने वाले मुखिया किन्नू यादव की हत्या का आरोप इस पर लगा। उसके बाद अपराध की दुनिया में इसके कदम आगे बढ़ते गए। उस पर लूट, अपहरण व रंगदारी जैसे दर्जनों संगीन मामले दर्ज है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जेल से बाहर आने के बाद उसकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

अगलगी में दो झोपड़ियां व 45 हजार नगद समेत एक लाख से अधिक की संपति खाक

डुमरांव। बुधवार की दोपहर बाद नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में अचानक आगलगी की घटना को गई। इस घटना में दो झोपड़ीनुमा मकान समेत उसमें रखे नगदी, कपड़ा, अनाज, बिछावन व एक पालतू कुत्ता समेत एक लाख से अधिक की संपति जल गई है। हालांकि सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची अग्निशामन वाहन ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा इसे विकराल होने से बचा लिया। आगलगी की यह घटना रमन कमकर तथा केदार गोंड के झोपड़ीनुमा घर में हुई है। इस संबंध में पीड़ितों को नया भोजपुर ओपी में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार दोपहर बाद करीब 2.40 बजे अचानक दोनों झोपड़ियों में आग लग गई। जबतक लोग समझते तथा आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक झोपड़ियां धू-धू कर जलने लगी थी। पीड़ितों ने बताया कि इस घटना में 45 हजार रूपए नगद, चावल, गेहूं, कपड़ा, बिछावन, खाट, चौकी तथा एक पालतू कुत्ता समेत एक लाख से अधिक की संपति जली है। ग्रामीणों की मानें तो यदि फायर वाहन समय से नहीं पहुंचता तो आगलगी और विकराल हो सकती थी। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। वही स्थानीय निवासी सह युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने सीओ अंकिता सिंह से पीड़ितो को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

मांगों के समर्थन में पारा मेडिकल छात्रों ने किया जोरदार प्रदर्शन

बक्सर। बुधवार को पारा मेडिकल छात्रों ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन शैक्षणिक सत्र सुधारने समेत करीब आधा दर्जन मांगों के समर्थन में था। पारा मेडिकल छात्र संघ बक्सर इकाई के बैनर तले सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव कर रहे पारा मेडिकल छात्रों का कहना था कि वे पिछले कई महीनों से सदर अस्पताल में ड्यूटि कर रहे हैं, लेकिन उन्हें 1500 रूपए का निर्धारित स्टाइपेंड नहीं मिल रहा है। उन्हें आने-जाने के लिए वाहन सुविधा तक नहीं दी जा रही है। छात्रों ने कहा कि समय से परीक्षा नहीं होने से उनका शैक्षणिक सत्र पिछड़ गया है। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने इसके अतिरिक्त भी कई अन्य मांगों को जोरदार तरीके से उठाया तथा सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। छात्रों ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता सूरज मिश्र ने किया। प्रदर्शन में आशुतोष कुमार, नीतीश कुमार, मनीष कुमार, शिवम, गौतम मुकेश, रूपेश, कर्मवीर अमन, पवन, राहुल, तेजस्वी कुमारी, गौरी, साधना, खुशी आदि विद्यार्थी मौजूद थे।

डुमरांव राजघराने की बेटी ने काली मंदिर परिसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव राज घराने का सदियों पुराना पर्यावरण प्रेम आज भी जिंदा है। इसकी बानगी बुधवार को एक बार फिर से देखने को मिली। राजपरिवार की बेटी तथा स्व महाराजा बहादुर कमल सिंह के छोटे बेटे मान विजय सिंह की पुत्री आकृति कुमारी ने बुधवार को श्री काली आश्रम मंदिर में पूजा करने के बाद पौधरोपण किया। वे यहां अपने माता पिता के साथ मां काली की पूजा करने आई थीं। पूजा संपन्न होते ही उन्होंने अपने साथ लाए पौधे को मंदिर परिसर में लगाया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने का एक मात्र उपाय पौधरोपण करना तथा अधिक से अधिक पौधों का संरक्षण करना है। इस दौरान उनके पिता मान विजय सिंह, माता, परिवार के कुछ लोग तथा मंदिर के पुजारी, मंदिर समिति के सदस्य तथा मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं इसके साक्षी बने।

वहीं मानविजय सिंह ने कहा कि वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और बेलगाम बढ़ती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। सरकारों को जितना हरियाली के लिए प्रयास करना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। उन्होंने लोगों को जन्मदिन, शादी तथा अन्य विशेष मौकों पर पौधरोपण करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

बता दें कि राज परिवार का पर्यावरण प्रेम सदियों पुराना है। करीब 200 साल पहले तत्कालीन महाराज बहादूर स्व जयसिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से 52 बीघे के भू-भाग पर बागीचा लगाया गया था। बड़ा बाग के नाम से मशहूर यह बागीचा आज भी सूबे बिहार में चर्चित है। पूर्व महाराजा बहादूर स्व कमल सिंह भी पर्यावरण तथा कृषि कार्य में गहरी रुचि रखते थे।

बक्सर की बेटी के साथ रोहतास डीएम ने लिये सात फेरे, समारोह में शामिल हुए कई आईएएस

- कृषि विभाग में ओएसडी हैं अनु पांडे, 2019 में पास की थी बीपीएससी की परीक्षा
- पूर्व में रोहतास की सीनियर डिप्टी कलेक्टर रह चुकी हैं अनु पांडे

केटी न्यूज/बक्सर



बक्सर की बेटी व बीपीएससी क्वालीफाई अनु पांडेय की शादी रोहतास के डीएम धर्मेन्द्र कुमार के साथ हुई है। अनु ने 2019 में बीपीएससी क्वालीफाई किया था। वह पूर्व में रोहतास की सीनियर डिप्टी कलेक्टर रह चुकी हैं तथा वर्तमान में पटना में कृषि विभाग में ओएसडी के पद पर कार्यरत हैं। बता दें कि रोहतास डीएम धर्मेन्द्र 2013 बैच के अधिकारी हैं। सोमवार की रात इनकी शादी झारखंड के पतरातु में हुई। जहा अनु के माता-पिता रहते हैं। वैसे यह परिवार बक्सर जिले के सोनवर्षा का रहने वाला है। अनु के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। वहीं रहकर बेटी ने भी परीक्षा की तैयारी की थी। हालांकि प्रारंभिक शिक्षा बक्सर के डीएवी स्कूल से हुई है। उनके बड़े भाई भी शिक्षा विभाग में नौकरी करते हैं और बक्सर में ही रहते हैं। दोनों की शादी के दौरान कई आईएस अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

चुआड़ गांव में परम पूज्य संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित हो रहा महायज्ञ

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह ज्ञान कथा

केटी न्यूज/डुमरांव



बुधवार को डुमरांव अनुमंडल के चुआड़ में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत हो गई है। अहले सुबह यज्ञ स्थल पर पहुंचे पर पूज्य संत तथा त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में महायज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा चुआड़ स्थित यज्ञ मंडप से मनोहरपुर गांव तक गया। वहा से पवित्र तालाब का जल कलश में भर श्रद्धालु यज्ञ मंडप पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो श्रद्धालु महिला व पुरूषों ने कलश लिया है। इसके पूर्व यज्ञाचार्य पंडित गोपाल जी चौबे के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक विधान से कलश पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को जलभरी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान श्रीमन नारायण के जयघोष तथा महिलाओं द्वारा सुमधुर आवाज में गाए जा रहे मांगलिक गीतों से इलाका गुंजायमान हो गया था। कलश यात्रा में रथ, हाथी, घोड़े भी शामिल किए गए थे जो आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

अहले सुबह से ही लग गई थी श्रद्धालुओं की भीड़

इस महायज्ञ के आयोजन को ले अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ स्थल पर जुटनी शुरू हो गई थी। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो श्रद्धालु नहा धोकर तथा शुभ्र वस्त्र पहन पहुंचे थे। उनमें कलश लेने को लेकर होड़ सी मची रही। इधर जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन पाने के लिए दूर दराज से उनके भक्त आए थे। यज्ञ स्थल पर स्वामी जी के पहुंचते ही जय श्रीमन नारायण के जयघोष से स्थल गूंज उठा। देर तक श्रद्धालु जयकारे लगाते रहे थे।

बता दें कि इस माहायज्ञ के तहत प्रवचन तथा अन्य वैदिक विधान सोमवार से ही शुरू हो गया था। बुधवार को स्वामी जी महाराज के आगमन के पश्चात कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद महायज्ञ की विधिवत शुरूआत हुई। गुरूवार को पंचांग पूजन व अरणि मंथन किया जाएगा। पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के आगमन के बाद से श्रद्धालुओं तथा उनके भक्तों का तांता और बढ़ गया है। महायज्ञ स्थल पर हो रहे वैदिक मंत्रोच्चार, प्रवचन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बजाए जा रहे भक्ति गीतों से इलाके का माहौल भक्तिमय बन गया है। आयोजन समिति ने बताया कि 15 मई को इस महायज्ञ की पूणार्हूति दी जाएगी। इसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

नगर निकाय चुनाव में नपा और नपं के तीन लाख 46 हजार 737 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

बलिया में मतदान आज : 125 केंद्र पर बनाए गए 423 बूथ, 423 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

केटी न्यूज/बलिया

नगरीय निकाय चुनाव के क्रम में गुरुवार को होने वाले मतदान के लिए बुधवार को 423 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। इस बार कुल 1884 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 1692 कार्मिक मतदान कराएंगे। 192 कार्मिकों को रिजर्व में रखा गया है। इनमें 1413 पुरुष और 471 महिला कार्मिक शामिल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मंगलवार को प्रेक्षक आईएएस विशाल सिंह की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी में मतदान कार्मिकों का तृतीय रैंडमाइजेशन किया गया था।

रैंडमाइजेशन के माध्यम से दो नगर पालिका परिषद व 10 नगर पंचायतों के लिए कुल 423 पोलिंग पार्टी को बूथ का आवंटन किया गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी सहित चार मतदान कार्मिक रहेंगे। प्रेक्षक के अलावा डीएम रविंद्र कुमार ने रिजर्व में लगे पार्टियों का बूथवार आवंटन, रूट चार्ट आदि की जानकारी ली। इस दौरान प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि उक्त सूची सभी आरओ/ उप जिला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दी जाए, ताकि मतदान पार्टियों के गंतव्य स्थान पर पहुंचने की जानकारी मिल सकें। साथ ही उन्होंने मतदान पार्टियों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मतदान पार्टियों की ओर से किसी का आतिथ्य स्वीकार न किए जाने



के संबंध में अवगत करा दिया जाए। ड्यूटी कार्ड वितरण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कार्मिक को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कुल 125 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां बने 423 बूथों पर तीन लाख 46 हजार 737 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर निकाय चुनाव में मतदान पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा।

इन स्थलों से रवाना हुई पोलिंग पार्टियां : 11 मई गुरुवार को होने वाले 12 नगर निकायों में मतदान के लिए लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को सुबह आठ बजे मतदान पार्टियों की रवानगी मतदेय स्थलों के लिए की गई। जिले में कुल छह रवानगी स्थल बनाए गए थे। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलिया, नगर पंचायत चितबड़ागांव और रतसड़कलॉ की मतदान पार्टियां कलेक्ट्रेट परिसर मॉडल तहसील से प्रस्थान किया। वहीं नगर पालिका परिषद रसड़ा और नगर पंचायत नगरा के लिए रसड़ा तहसील मुख्यालय से, नगर पंचायत बेल्थरारोड के लिए मतदान पार्टी सीयर ब्लॉक मुख्यालय से, नगर पंचायत सिकंदरपुर के तहसील मुख्यालय सिकंदरपुर से मतदान पार्टी की रवानगी हुई। इसके अलावा नगर पंचायत मनियर, बांसडीह, सहतवार और रेवती के लिए पोलिंग पार्टियां तहसील मुख्यालय बांसडीह और नगर पंचायत बैरिया के लिए तहसील मुख्यालय बैरिया से पोलिंग पार्टी रवाना हुई।

चुनाव के लिए 453 वाहन अधिगृहित

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने निकाय चुनाव के लिए 11 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जनपद को 16 जोन और 32 सेक्टरों में बांटा है। डीएम ने सभी जोनों में एक-एक जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। वहीं, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरुण कुमार राय ने बताया कि 11मई को होने वाले मतदान के लिए परिवहन विभाग की ओर से 453 वाहनों को अधिगृहित किया गया है। परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी ने बताया कि चुनाव के लिए 325 बोलेरो, 56 बस, 27 मिनी बस और 25 मैजिक को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इसके अलावा छह बस और 14 बोलेरो को रिर्जव रखा गया है। आरआई ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के लिए 325 बोलेरो को पुलिस विभाग को हस्तांनातरित कर दिया गया है।

शराब की दुकानें रहेंगी बंद

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि कि जनपद में 11 मई को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार की शाम 6 बजे से 11 मई की शाम 6 बजे तक यह सभी दुकानें बंद रहेंगी। इसी प्रकार 13 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए 12 मई की शाम 6 बजे से मतगणना समाप्ति के दिन रात्रि 12 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी।

संवेदनशील स्थलों का जिलाधिकारी व एसपी ने किया निरीक्षण



बलिया। नगर निकाय चुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने सिकंदरपुर स्थित बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारियों और बूथों पर लगे कर्मियों से बातचीत की और कल के चुनाव के संबंध में उनकी तैयारियों के के बारे में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसके अतिरिक्त सिकंदरपुर के संवेदनशील स्थलों का भ्रमण किया और वहां पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था देखी। इस संबंध में उन्होंने बताया कि सभी संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और वहां पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी।

किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए इसके लिए सभी तैयारियां पहले से कर ली गई है। जिला अधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर निकाय चुनाव के तहत मतदान वाले दिन सभी व्यापारिक संस्थान बंद रहेंगे। पुलिस अधीक्षक राजकरण नजर ने भी बताया कि सभी बूथों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे साथ ही संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की मोबाइल टीमें सक्रिय रहेंगे किसी भी प्रकार की अपने घटना होने पर तुरंत कार्रवाई होगी।

एक नजर

शिशुओं का पूर्णत: प्रतिरक्षित न होना शिशु मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण: एसएमओ

बलिया। जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डब्ल्यूएचओ के सहयोग से मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय होटल में हुआ। कार्यशाला में सीएचसी-पीएचसी के अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक, सहायक शोध अधिकारी व



अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नियमित टीकाकरण के अंतर्गत गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया से बचाव के लिए टीडी के दो टीके तथा जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए डीपीटी, पोलियो, बीसीजी, पीसीवी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण टीके लगाए जाते हैं। इसके साथ ही जापानी इन्सेफ्लाइटिस से बचाव के लिए जेई टीकाकरण भी लगाया जाता है। कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ शशि प्रकाश ने कहा कि जन्म से एक वर्ष के शिशुओं का पूर्णतः प्रतिरक्षित न होना शिशु मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है। इसीलिए समय पर बच्चों को सभी टीकों से प्रतिरक्षित कर शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. नकीबुल जमा ने प्रशिक्षण में कहा कि नियमित टीकाकरण में सुधार लाने के साथ ही सभी लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर तथा सेवाओं को गुणवत्तापरक बनाए रखने के लिए कुछ बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे की नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लिए उप केंद्र ब्लॉक तथा जिला स्तरीय माइक्रोप्लान अमल में लाये जाएं।

मऊ में जोनल मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोलिंग पार्टियों को किया गया रवाना

मऊ। जनपद में 11 मई को होने वाले सामान्य नगर निकाय चुनाव को लेकर मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित टाउन इंटर कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल से बुधवार को पोलिंग पार्टी रवाना की गई। यह समस्त पोलिंग पार्टियां मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत नगर पंचायत वलीदपुर एवं नगर पंचायत चिरैयाकोट के विभिन्न मतदान केंद्र एवं मतदान स्थल पर पहुंचकर गुरुवार को होने वाले नगर



निकाय के चुनाव में अपनी सहभागिता निभाएंगी। जिसको लेकर समस्त पोलिंग पार्टी रवाना हो गई है। टाउन इंटर कॉलेज से 11 पोलिंग पार्टियों को जोनल मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अवधेश चौहान, तहसीलदार राहुल गुप्ता, नायब तहसीलदार गौरव शाह एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आनंद यादव जयेश सिंह की निगरानी में रवाना किए गए। इस दौरान बनाए गए मतगणना स्थल पर तीनों नगर पंचायतों के निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने स्थानों से लाउडस्पीकर के माध्यम से विभिन्न मध्य स्थल पर जाने वाले पोलिंग पार्टियों को बार-बार सचेत कर रहे थे। ताकि सभी अपनी रिजर्व गाड़ी में बक्से को लेकर मतदान स्थल पर रवाना हो सके। संध्या तक सभी पोलिंग पार्टियों को जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा रवाना कर दिया गया। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी आशीष मिश्रा, हेमंत चौधरी, रवि प्रकाश समेत समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट बने हुए मतगणना स्थल पर मौजूद रहे।

कर्नाटक के भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ कांग्रेसियों ने दी तहरीर

गाजीपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने थाना कोतवाली गाजीपुर पहुंचकर कर्नाटक विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मणिकांत राठोड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिये लिखित तहरीर दी है। मामला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और उनके परिजनों को जान से मारने की धमकी और साजिश रचने के आरोप से जुड़ा हुआ



है। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने अपने लिखित प्रार्थना पत्र में थानाध्यक्ष कोतवाली गाजीपुर से यह शिकायत की है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार मणिकांत राठोड़ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है और अभद्र भाषा की टिप्पणी की है, जो एक संगीन अपराध है। जिसके लिए सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर गाजीपुर थाना कोतवाली की पुलिस कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी के उक्त प्रत्याशी मणिकांत राठोड़ पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम ने भाजपा प्रत्याशी के इस कृत्य की भर्त्सना करते हुए, इसे जानबूझ कर बोला हुआ और अहंकार में डूबा बयान बताया है। उन्होंने कहा कि चूंकि कर्नाटक में कांग्रेस से भाजपा बुरी तरह हार रही है इसलिए ऐसा बयान भाजपा के लोगों द्वारा दिया जा रहा है। इस मामले में एआईसीसी रवि कांत राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कर्नाटक में बुरी तरह से हार का एहसास होने से नेताओं द्वारा ऐसे बयान दिए जा रहे हैं जो राजनीति में स्वस्थ परंपरा को दूषित करने वाले हैं। ऐसे नेताओं पर उन्होंने सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जनपद के सभी कस्तूरबा विद्यालय के कर्मियों ने जिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

गाजीपुर। जनपद में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत पुरूष कार्मिकों के सत्र 2023-2024 हेतु संविदा नवीनीकरण न किये जाने पर पुरूष कार्मिकों ने विरोध जताया है। जिलाधिकारी को पत्रक सौंपते हुए कार्मियों ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिका सुरक्षा का हवाला देकर कार्यरत पुरुष कार्मियों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों से सेवा समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है। एवं सत्र 2023-2024 से संविदा का नवीनीकरण नहीं किये जाने के आदेश दिये गये है, जो मानवता के दृष्टिकोण से पूर्णतया गलत है। कहा कि हम सभी पिछले लगभग 17-18 वर्षों से बेहद अल्प मानदेय पर अपनी सेवाए विद्यालयों में निष्ठापूर्वक देते रहे है। आज तक प्रदेश में किसी भी विद्यालय में कार्यरत पुरुष कार्मिकों से किसी बालिका अथवा महिला कर्मियों को असहजता महसूस नही हुई और न ही ऐसा कोई मामला प्रकाश में आया है। कहा कि सेवाओं के प्रतिफल में दिये जा रहे पारिश्रमिक से ही हमारे परिवार का भरण पोषण हो रहा है। सेवाएं समाप्त करने से हमारे परिवार के भूखे मरने की स्थिति हो जायेगी। खास बात यह रही कि पुरुष कर्मियों की मांगों के संदर्भ में दिए जा रहे पत्रक के दौरान महिलाकर्मी भी मौजूद रही।

ननिहाल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

केटी न्यूज/बलिया

नगरा थाना क्षेत्र के ताड़ीबड़ागांव में सुबह युवक का शव बरगद के पेड़ से लटकता मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक बांसडीह थाना क्षेत्र के जसाव निवासी लखन सिंह का बेटा नवीन सिंह है। जिसका ननिहाल ताडीबडागांव (महुवा) में है।

बताया जाता है कि युवक के ननिहाल में लालू सिंह के घर पर मांगलिक कार्यक्रम तीन मई को था। जिसमे भांजा नवीन भी आया हुआ था। सब कुछ ठीक तरह से कार्यक्रम बीत गया और नवीन अपने गांव जसांव चला गया था जहां से वह मंगलवार को पुनः ननिहाल आया था। मंगलवार की शाम सबके साथ खाना खाकर वह सो गया। सुबह गांव से बाहर बरगद के पेड़ की डाली में गमछे के सहारे लटकता मिला। घटना को लेकर तरह तरह की अटकलों का बाजार गर्म है। मौके पर नवीन का चप्पल नहीं मिली है। इस बाबत थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मृतक के परिजन तहरीर नहीं दी है, देंगे तो कार्यवाई होगी।

फिल्म द केरल स्टोरी यूपी में हुई टैक्स फ्री

गाजीपुर। देश में उपजे विवादों के बीच यूपी में द केरल स्टोरी को टैक्स फ्री कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मूवी को टैक्स फ्री करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ 12 मई को अपनी पूरी कैबिनेट के साथ लखनऊ में इस फिल्म को देखेंगे। उधर गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष पति पंकज सिंह चंचल ने भी 12 मई को समय 01:00 बजे दिन से सुहासिनी (एनवाई) थिएटर, लाल दरवाजा में द केरला स्टोरी मूवी देखने के कार्यक्रम की जानकारी दी है। जिसमें सपना सिंह (अध्यक्ष, जिला पंचायत, गाजीपुर) के साथ 150 व्यक्तियों की मौजूदगी होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्यकर्ता, सदस्यगण, जिला पंचायत, गाजीपुर एवं अन्य सम्मानित लोगों को आमंत्रित किया गया।

तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/बलिया

बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गयी। मंगलवार को उसका शव झाड़ियां में पड़ा हुआ मिला। इसकी जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। हादसे के बाद बच्ची के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 3 साल की बच्ची गायब हो गयी। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गयी। अगले दिन मंगलवार की दोपहर लापता बच्ची अपने घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में पड़ी मिली। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

लोगों द्वारा बच्ची के मौत के मामले में सांप काटने से लेकर अन्य बातें भी की जाने लगी। परिजन उसे लेकर सीएचसी बांसडीह गये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया तो परिजनों सहित गांव के लोगों और पुलिस हैरत में पड़ गयी। रिपोर्ट के अनुसार मासूम के साथ बेहद दरिंदगी से रेप किया गया था। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। साथ ही उसके शरीर पर कई चोट खरोंच के निशान हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर ने भी पूरे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई। इसके बाद संबंधित अधिकारी से बात कर पूरी बात बताई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर के निर्देश पर बांसडीह पुलिस सहित एसओजी और बांसडीहरोड एसओ मामले की छानबीन में जुटे हैं। घटना के संबंध में सीओ बांसडीह शिवनारायण वैस ने बताया कि दोषी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम लगी है।

हादसे में तीन जख्मी, एक की मौत

केटी/गाजीपुर

वाराणसी-गाजीपुर फोरलेन हाई-वे पर हादसे में एक टाटा सफारी कार खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में अधिवक्ता और परिवार के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि कार सवार एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। घटना नन्दगंज थाना क्षेत्र के सहेड़ी बाईपास के पास की है।

बता दें कि नेशनल हाई-वे पर वाराणसी से गाजीपुर आ रही एक टाटा सफारी सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक महिला और सहित तीन लोग घायल हो गए।



घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने कार से सभी घायलों को निकालकर इलाज के भेजा। घायलों की हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीती देर रात सत्येंद्र पांडेय, अपनी पत्नी रीता पांडेय, पुत्र विशाल पांडेय (अधिवक्ता) तथा चंदन कुमार सिंह के साथ टाटा सफारी से वाराणसी से गाजीपुर शहर स्थित मार्कण्डेय धाम कॉलोनी गौसाबाद लौट रहे थे। तभी सहेड़ी बाईपास के पास गाय को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे बेतरतीब खड़े ट्रक में टाटा सफारी जा घुसी। हादसे में सुलेमापुर, पृथ्वीपुर मरदह के मूल निवासी चंदन की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से जख्मी महिला सहित तीन अन्य लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मृतक का एक पुत्र निखिल (07) व एक पुत्री सिया (03) हैं। पत्नी प्रतिभा सिंह का रो रोकर बुरा हाल है।

15 मई से शुरू होंगी प्रतियोगी कक्षाएं

मऊ। जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत एनडीए व सीडीएस की परीक्षा हेतु नि:शुल्क कक्षायें 15 मई 2023 से राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मऊ में संचालित की जानी है, जिसमें 100 छात्रों का चयन किया जाना है। छात्रों का चयन मेरिट बेस्ड व पहले आओ पहले पाव के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे छात्र/छात्रा जो एनडीए व सीडीएस परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, वे समाज कल्याण विभाग में अथवा राजकीय बालिका इण्टर कालेज में खुले मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में सम्पर्क करते हुए अपना आवेदन पत्र पूर्ण कर शीघ्र कार्यालय में जमा कर दें।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में सपा उम्मीदवार पर केस दर्ज

केटी न्यूज/मऊ

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जारी आदर्श आचार संहिता का प्रत्याशियों द्वारा बार-बार उल्लंघन किया जा रहा है। इस क्रम में कार्रवाई करते हुए बुधवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के सपा उम्मीदवार आबिद अख्तर द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर थाना दक्षिण टोला में एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही उनके वाहन को भी एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। बुधवार को उड़नदस्ता टीम क्षेत्र नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका परिषद सदर क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी, तभी मिर्जा हादीपुर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आबिद अख्तर का प्रचार वाहन जिस पर चुनाव आयोग के निदेर्शों के विपरीत गाड़ी पर दो झंडे एवं हूटर लगे थे, तथा गाड़ी में रखी प्रचार सामग्री पर किसी मुद्रक का नाम पता स्पष्ट नहीं हो रहा था, जिसके दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर वाहन को सीज करते हुए सपा प्रत्याशी के खिलाफ थाना दक्षिण टोला में आदर्श चुनाव आचार संहिता की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

गाजीपुर-बलिया-रिविलगंज 134 किमी ग्रीनफील्ड फोर लेन हाई-वे का हुआ टेंडर

खुशखबरी: हाई-वे निर्माण के लिए 85 फीसदी जमीन का हो चुका है अधिग्रहण

केटी न्यूज/गाजीपुर

यूपी में गंगा नदी के किनारे गाजीपुर- बलिया-छपरा होकर पटना आ सकेंगे। दिल्ली से लोगों को उत्तर बिहार खासकर छपरा, सीवान, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर जनपद में आने में आसानी हो जाएगी। केन्द्र सरकार की एजेंसी एनएचएआई ने गाजीपुर बायपास-परसा-बलिया-बैरिया- रिविलगंज बाईपास तक 134 किलोमीटर ग्रीनफील्ड फोर लेन हाइ-वे का टेंडर कर दिया है। कुल चार पैकेजों में इस महत्वपूर्ण हाई-वे का निर्माण किया जाएगा। इस ग्रीनफील्ड एलाइनमेंट के लिए 85 फीसदी जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। बचे जमीन का अधिग्रहण तेजी से किया जा रहा है। करीब 3000 करोड़ लागत से बनने वाले चार लेन इस हाई-वे का शीघ्र निर्माण शुरू होगा। चयनित एजेंसी इस हाइ-वे को दो साल में बनाएगी।

बिहार के सारण जिले के रिविलगंज बाईपास तक इस हाई-वे का एलाइनमेंट, दूसरी उसमें एक चीज और की



महिलाओं को नॉर्मल डिलीवरी के लिए भी किस तरह की चीजों का क्या- क्या करें। चलती- फिरती रहे हैं। कुछ करते रहें या किस तरह सावधानी बरतें। रिविलगंज बाईपास से हाजीपुर तक पहले से बन रहा फोर लेन हाई-वे। इस नए फोर लेन हाइ-वे का मात्र दो किलोमीटर हिस्सा ही बिहार में पड़ रहा है। लेकिन रिविलगंज बायपास से छपरा-सोनपुर होते हुए हाजीपुर तक पहले से फोर लेन हाई-वे बन रहा है। ऐसे में गाजीपुर-बलिया-रिविलगंज हाई-वे बन जाने से बिहार की बड़ी आबादी को फायदा होगा। अभी छपरा, सीवान, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर जिले के लोगों को दिल्ली की तरफ जाने के लिए या तो मुजफ्फरपुर जाकर ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर चढ़ना होता है। पटना आकर कोईलवर से आरा-बक्सर फोर लेन हाई-वे होते हुए हैदरिया जाकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर चढ़ना होता है। इससे उनकी दूरी बढ़ती है और समय भी ज्यादा लगता है।

गाजीपुर-रिविलगंज 134 किमी दूरी तय करने में लगेंगे दो घंटे : गाजीपुर-बलिया-रिविलगंज 134 किलोमीटर सड़क अभी घनी आबादी के बीच से गुजरती है। बीच में बाजारों को पार करने में काफी समय लगता है। जाम की स्थिति नहीं भी रही तो दो लेन चौड़े इस सड़क पर चार घंटे समय लग जाते हैं। एकदम नए इस ग्रीनफील्ड एलाइनमेंट पर नया 4 लेन हाईवे बनेगा तो 134 किलोमीटर की दूरी तय करने में मात्र दो घंटे लगेंगे। इससे उत्तर बिहार से दिल्ली जाने की दूरी और समय दोनों की बचत होगी। गंगा नदी के दक्षिण साइड भी पूर्वांचल एक्सप्रेस को बिहार के पटना से जोड़ा जा रहा है। फिलहाल बक्सर से कोईलवर तक फोरलेन हाई-वे पर गाड़ियां दौड़ रही है। बक्सर से हैदरिया तक पटना-बक्सर 4 लेन हाईवे को भरौली-हैदरिया मार्ग बनाकर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ा जा रहा है। महज 17 किमी लंबाई वाले ग्रीनफील्ड 4 लेन इस हाईवे को 618 करोड़ की लागत से अगले दो साल में बना लेना है।

वहीं कोईलवर से पटना के दानापुर तक 25 किलोमीटर लंबा बिहटा-एम्स एलिवेटेड रोड 2161 करोड़ रुपये में बनाया जा रहा है। ढाई वर्षों में यानी वर्ष 2025 के अंत तक इस बन कर तैयार होना है। इस फोर लेन एलिवेटेड हाई-वे प्रोजेक्ट से पटना से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर जाने में महज दो घंटे लगेंगे।